प्रादेशिक समाचार
दिनांक–26.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि की अर्पित, कहा– बिरसा मुंडा का योगदान देश की आज़ादी और जनजातीय अधिकारों के लिए अद्वितीय।
2. राज्यभर में छठ महापर्व के दूसरे दिन खरना अनुष्ठान संपन्न, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी खरना की शुभकामनाएं।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चाईबासा में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाने की घटना पर की कड़ी कार्रवाई, सिविल सर्जन समेत संबंधित अधिकारियों को किया निलंबित।
4. कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को बिहार विधानसभा चुनाव में ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस ने ऑब्जर्वर नियुक्त किया ।

और

5. मौसम विभाग ने अगले तीन दिन में राज्य में भारी बारिश का जारी किया अलर्ट, ठंड बढ़ने की जताई संभावना।

***************

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की आज़ादी और जनजातीय समुदाय के अधिकारों के लिए उनके कार्य अद्वितीय है।

श्री मोदी ने कहा कि 22 अक्टूबर को कोमाराम भीम की जयंती मनाई गई। उन्होंने कहा कि कोमाराम भीम केवल 40 वर्षों तक जीवित रहे, लेकिन उन्होंने अनगिनत लोगों, विशेषरूप से जनजातीय समुदाय के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने सभी से जनजातीय समुदाय की महान विभूतियों, जैसे भगवान बिरसा मुंडा और कोमाराम भीम, के बारे में पढ़ने का आग्रह किया।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतीक है। उन्होंने छठ पर सभी लोगों विशेष रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वांचल के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छठ के दौरान महिलाओं के व्रत रखने के समर्पण और निष्ठा को प्रेरणादायक बताया।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के द्वितीय अनुष्ठान 'खरना' की सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं।

***************

छठ महापर्व के दूसरे दिन आज राज्यभर में खरना का अनुष्ठान किया जा रहा है। कल अस्ताचालगामी सूर्य को पहला अर्ध्य अर्पित किया जाएगा। इधर, राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में छठ को लेकर घाटों को सजा कर तैयार किया जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज रांची के बड़ा तालाब स्थित छठ घाट का निरीक्षण कर आयोजन समिति को निर्देश दिए कि छठ व्रती माताओं और बहनों की सुविधा के लिए साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के सभी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं।

***************

इधर कोडरमा, गिरिडीह, गुमला और खूंटी में लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने खरना का अनुष्ठान विधि–विधान के साथ संपन्न किया। घरों की सफाई और आम की लकड़ी पर प्रसाद तैयार करने की परंपरा के बीच छठव्रतियों ने फल, फूल और पूजा सामग्री की खरीदारी कर पर्व की तैयारियाँ पूरी की।

***************

धनबाद से पटना के बीच छठ पर्व के अवसर पर स्पेशल ट्रेन परिचालित होने से यात्रियों की परेशानी कम हुई। यात्रियों ने कंफर्म बर्थ और बेहतर व्यवस्था के लिए रेलवे और सरकार की सराहना की।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चाईबासा में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाए जाने की घटना को अत्यंत पीड़ादायक बताया है। उन्होंने इस घटना पर संज्ञान लेते हुए सिविल सर्जन समेत संबंधित अधिकारियों को निलंबित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि पीड़ित बच्चों के परिवारों को दो–दो लाख रुपये की सहायता राशि और संक्रमित बच्चों का पूरा इलाज राज्य सरकार कराएगी। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को राज्य के सभी ब्लड बैंकों का ऑडिट कर पांच दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य प्रक्रिया में लचर व्यवस्था किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से इस पर संज्ञान लेने को कहा है।

***************

बिहार विधानसभा चुनाव में झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस की ओर से ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इस संबंध में संगठन के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने पत्र जारी किया है। जिम्मेवारी मिलने पर मंत्री ने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आदिवासी समाज का हर वोट महागठबंधन के पक्ष में जाए, इसके लिए वह पूरी ताकत से काम करेंगी।

***************

वस्तु और सेवा–कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव 22 सितम्बर से शुरू हुआ था। आज हम आपको बताएंगे कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से किस तरह उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में तेजी आ रही है।

***************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में ग्राम पंचायतों के वित्तीय सशक्तिकरण की योजना पर काम किया जा रहा है।

***************

मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण–पूर्वी बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम–उत्तर–पश्चिम की ओर बढ़ रहा है और कल सुबह तक इसके गहरे निम्न दबाव से चक्रवातीय तूफान का रूप लेने के आसार हैं। इसके तहत मौसम विभाग ने राज्य में 28 से 30 अक्टूबर तक बारिश का अलर्ट जारी किया है। साथ ही राज्य में 29 और 30 अक्टूबर को चक्रवाती तूफान 'मोंथा' का असर देखने को मिलेगा, जिससे संताल और कोल्हान प्रमंडल में भारी बारिश हो सकती है। अगले तीन दिन में ठंड भी बढ़ने की संभावना जताई गई है। आरएनयू

***************

रांची के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आज समापन हो जाएगा। चैंपियनशिप समापन समारोह के मुख्य अथिति झाऱखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविद्रनाथ महतो होंगे। समापन समारोह कार्यक्रम रात 8 बजे से होगा।

********समाप्त*********